# सीआईएमपी ने मंत्री सुमित कुमार सिंह का स्वागत किया

(आज समाचार सेवा)

**पटना :** चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना, ने व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम में सुमित कुमार सिंह, मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार का स्वागत किया।

अपने नेतृत्व सत्र की शुरुआत प्रो. राणा सिंह, निदेशक, सीआईएमपी के स्वागत भाषण से हुई।

अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए श्री सिंह ने कहा है कि पहले बिहार में कई इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेज नहीं थे, लेकिन आज हमारे पास शिक्षा का अच्छा माहौल है और उसी का समर्थन करने के लिए हमारे पास राज्य में गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेज हैं।

आगे अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिन-ब-दिन सुधार कर रहे हैं।



बिहार भी उद्योगों के लिए अच्छा बुनियादी ढांचा और समर्थन प्रदान कर रहा है ताकि राज्य में कंपनियां विकसित हो सकें।

इससे पहले, मंत्री ने हाइड्रो-लिफ्टिंग टेक्नोलॉजी के वर्किंग प्रोटोटाइप मॉडल पर भी गौर किया, जो रोहित कुमार द्वारा विकसित एक तकनीक है और सीआईएमपी बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (सीआईएमपी-बीआईआईएफ) द्वारा इनक्यूबेट और मेंटर है।

Aaj ! Page No - 08 ! Date - 05-08-2022

# Science and technology minister urges CIMP students to make positive contributions in society

**OUR CORRESPONDENT**



**PATNA:** Science and technology minister Sumit Kumar Singh on Thursday inquired about the working prototype model of Hydro-lifting Technology, a technology developed by Rohit Kumar and at Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) incubation centre at college campus and encouraged students to make positive contributions in the society.

The minister said that earlier Bihar didn't have many engineering and management colleges but today we have good ambiance of education and to support the same we have quality engineering and management colleges in the state.

While addressing the leadership lecture series program, Sumit Singh said that giving back to society is equally very important nowadays. He said the students were future managers. This is their responsibility to motivate the society by contributing in a positive way. The students of the college displayed the prototypes of their innovations at CIMP. The students of the college displayed the prototypes of their innovations before him.

The session was started with the welcome address by Director CIMP Rana Singh. While Jyoti Verma delivered the vote of thanks. Faculty members along with staff were also present during the programme.

Morning India ! Page No - 02 ! Date - 05-08-2022 !

देश के 10 संस्थानों के साथ सीआईएमपी में भी पढ़ाई

# इनोवेशन, वेंचर डेवलपमेंट व उद्यमिता से संवरेगा कॅरियर

पटना | चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में पीजीडीएम में इनोवेशन, उद्यमिता, वेंचर डेवलपमेंट की पढ़ाई होगी। देश के दस संस्थानों के साथ सीआईएमपी में इस विषय की पढ़ाई होगी। अखिल भारतीय तकनीकी परिषद से इस कोर्स को चलाने की अनुमति मिल गई है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राणा सिंह ने बताया कि यह दो साल का कोर्स है। 30 सीटों पर छात्र-छात्राओं का नामांकन होगा। छह सेमेस्टर पढ़ाई होगी। दो साल का फीस 06 लाख रुपए है। बिहार के साथ झारखंड के मैनेजमेंट संस्थान को भी इस विषय की पढ़ाई के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस विषय की पढ़ाई का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के छात्र-छात्राओं को उद्यमिता ओर इनोवेशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

Danik Bhaskar ! Page No - 04 !
Date - 05-08-2022 !

# सूबे में इंजीनियरिंग व प्रबंधन के बेहतर कॉलेज मौजूद

■ सीआईएमपी में आयोजित व्याख्यान में बोले मंत्री सुमित

पटना (एसएनबी)। पहले बिहार में कोई बेहतर इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेज नहीं थे। लेकिन आज हमारे पास शिक्षा का अच्छा माहौल है। हमारे पास राज्य में गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेज हैं। ये बातें चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम में सुमित कुमार सिंह, मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार ने कहीं। उन्होंने कहा कि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिन-ब-दिन सुधार कर रहे हैं। बिहार भी उद्योगों के लिए अच्छा बुनियादी ढांचा और समर्थन प्रदान कर रहा है ताकि राज्य में कंपनियां विकसित हो सकें। उन्होंने कहा कि समाज को वापस देना काफी महत्वपूर्ण है। भविष्य के प्रबंधक होने के नाते सकारात्मक तरीके से योगदान देकर समाज को प्रेरित करना छात्रों की जिम्मेदारी है। इससे पहले मंत्री ने हाइड्रो-लिफ्टिंग टेक्नोलॉजी के वर्किंग प्रोटोटाइप मॉडल पर भी गौर किया जो रोहित कुमार द्वारा विकसित एक तकनीक है। सीआईएमपी बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (सीआईएमपी-बीआईआईएफ) द्वारा इनक्यूबेट और मेंटर है। प्रो. राणा सिंह, निदेशक, सीआईएमपी स्वागत भाषण दिया। वहीं प्रो. ज्योति वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। लीडर लेक्चर सीरीज में स्टाफ के साथ फैकल्टी मेंबर्स भी मौजूद थे।

# हमारे पास शिक्षा का अच्छा माहौल है : मंत्री

**जासं, पटना** : चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना में व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह शामिल हुए। सत्र की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो. राणा सिंह के स्वागत भाषण से हुई। मंत्री ने कहा कि पहले बिहार में इंजीनियरिंग और प्रबंधन कालेज नहीं थे, लेकिन आज हमारे पास शिक्षा का अच्छा माहौल है। उसी का समर्थन करने के लिए हमारे पास राज्य में गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग और प्रबंधन कालेज हैं। उन्होंने कहा कि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सुधार कर रहे

**राज्य में हैं गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग और प्रबंधन कालेज, उद्योगों के लिए मुहैया कराया जा रहा अच्छा बुनियादी ढांचा, माहौल व समर्थन**

हैं। बिहार भी उद्योगों के लिए अच्छा बुनियादी ढांचा और समर्थन प्रदान कर रहा है ताकि राज्य में कंपनियां विकसित हो सकें। उन्होंने कहा कि छात्र भविष्य के प्रबंधक होने के नाते सकारात्मक तरीके से योगदान देकर समाज को प्रेरित करना उनकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में रोहित कुमार मौजूद थे। डा. ज्योति वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Danik Jagran ! Page No - 04 !
Date - 05-08-2022 !